>

Tilte: Issue related to the insufficient space for storage of food grains in Punjab.

**डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब):** पंजाब पूरे मुल्क को अन्न खिलाता है, आज वहाँ बहुत टेंशन बनी हुई है । वहाँ के जो फुड ग्रेन स्टॉक्स हैं, वे 200 लाख मीट्रिक टन हैं और 110 लाख मीट्रिक टन अभी और चावल आने वाला है । कोई भी जगह खाली नहीं है । एफ.सी.आई और भारत सरकार खाली कर रही है, वह केवल 10-12 लाख मीट्रिक टन हर महीने निकाल रही है । 1 अप्रैल, 2020 को 120 लाख मीट्रिक टन गेहूँ आ जाएगा ।

मैं विनती करना चाहता हूँ कि पंजाब को इस समस्या से बचाइए । पंजाब लगभग 40-50 परसेंट हिन्दुस्तान का अन्नदाता है । आज राइस मिलर्स पर प्रेशर है ।

गोदामों में गेहूँ और चावल पड़े रहते हैं और जो डैमेज होता है, वह सारा सरकार को देना पड़ता है । हर साल 12-15 सौ करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है । वर्ष 2017 में भारत सरकार ने 31 हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया । मेरी विनती है कि जो पूरे हिन्दुस्तान का अन्नदाता है, उसको राहत दी जाए । जो समस्या चल रही है, उसके लिए 20 से 25 लाख मीट्रिक टन हर महीने मूव करके इसका समाधान किया जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. अमर सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।